जून-जुलाई 2015 के दौरान कृषि वानिकी एवं विस्तार प्रभाग आफरी द्वारा संपन्न गतिविधियों का संक्षिप्त ब्यौरा

मरू वन प्रशिक्षण केन्द्र जोधपुर के वन मण्डल पाली एवं जालोर से आये प्रशिक्षणर्थियों का आफरी भ्रमण

मरू वन प्रशिक्षण केन्द्र, जोधपुर के 28 सदस्दीय प्रशिक्षण दल, जिसमें वन मंडल पाली व जालोर से आए वन रक्षक , पशु रक्षक वन सुरक्षा एवं प्रबन्ध समिति सदस्य एवं कृषक शामिल थे, ने श्री नरपत सिंह राजपुरोहित, क्षेत्रीय वन अधिकारी के साथ दिनांक 25.6.2015 को शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर का भ्रमण किया । इस समूह ने उत्तक संवर्धन विधि से विकसित गूगल के पौधों का अवलोकन करते हुए संस्थान की विभिन्न प्रयोगशालाओं एवं उनमें होने वाली शोध गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की । विशेषतौर पर अकाष्ठ वनोपज प्रभाग के मूल्य संवर्धन संबंधी कार्यो के बारे में जानकारी हासिल की । इसके अतिरिक्त वृक्षों में लगने वाली बीमारियों , मृदा परीक्षण तकनीक , उत्तक संवर्धन तकनीक इत्यादि से संबंधित शोध गतिविधियों की जानकारी भी इस समूह ने इन प्रयोगशालाओं के भ्रमण के दौरान प्राप्त की । तत्पश्चात् इस समूह ने संस्थान के विस्तार एवं निर्वचन केन्द्र का भ्रमण कर वहाँ प्रदर्शित विभिन्न शोध तकनीक एवं शोध गतिविधियों की सूचनाओं की जानकारी भी हासिल की । भ्रमण के दौरान कृषि वानिकी एवं विस्तार प्रभाग के प्रभागाध्यक्ष श्री उमाराम चोधारी , भा.व.से. ने साथ रहकर विभिन्न शोध गतिविधियों की जानकारी उपलब्ध करायी एवं उन्हें संबोधित भी किया । कार्यक्रम का समन्वयन श्रीमती भावना शर्मा, वैज्ञानिक-सी ने किया ।

SAND DUNE STABILIZATION THROUGH SURFACE VEGETATION
DOMINANT
TYPES OF

मरू वन प्रशिक्षण केन्द्र जोधपुर के वन मण्डल बाड़मेर, जैसलमेर एवं इन्दिरा गाँधी नहर परियोजना, जैसलमेर से आये प्रशिक्षणर्थियों का आफरी भ्रमण

दिनांक 9/7/205 को मरू वन प्रशिक्षण केन्द्र जोधपुर के 30 प्रशिक्षणर्थियों ने शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर का भ्रमण किया । वन मंडल बाड़मेर , जैसलमेर एवं इन्दिरा गाँधी नहर परियोजना, जैसलमेर से आये वन रक्षक, पशु रक्षक, वन सुरक्षा एवं प्रबंध समिति सदस्य एवं कृषकों के इस दल ने श्री नरपत सिंह राजपुरोहित क्षेत्रीय वन अधिकारी के साथ आफरी भ्रमण के दौरान विभिन्न प्रयोगशालाओं का भ्रमण कर जैव कवक नाशी वृक्षों की बीमारियों, मृदा परीक्षण तकनीक, उत्तक संवर्धन तकनीक आदि से संबंधित शोध गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की । तत्पश्चात् भ्रमण दल ने संस्थान में स्थित विस्तार एवं निर्वचन केन्द्र का अवलोकन कर वहाँ प्रदर्शित विभिन्न शोध तकनीकों एवं गतिविधियों की जानकारी हासिल की । इस समूह को श्री रतना राम लोहरा , अनुसंधान सहायक-प्रथम ने परिसर में स्थिन चंदन सहित अन्य

वानस्पतिक प्रजातियों का अवलोकन करवाया । कार्यक्रम का संचालन श्रीमती भावना शर्मा , वैज्ञानिक- सी ने किया ।

कृषि विज्ञान केन्द्र, काजरी जोधपुर द्वारा ग्राम बाबरली पंचायत समिति बालेसर (जोधपुर) आयोजित किसान मेले में आफरी का प्रतिनिधित्व

कृषि विज्ञान केन्द्र, काजरी, जोधपुर द्वारा ग्राम, बाबरली, पंचायत समिति बालेसर में 20 जुलाई, 2015 को खरीफ किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया , जिसमें लगभग 350 किसानों ने भाग लिया । कार्यक्रम में जोधपुर के सांसद श्री गजेन्दसिंह शेखावत मुख्य अतिथि थे, जबकि शेरगढ़, विधानसभा सदस्य श्री बाबूसिंह राठौड़ विशिष्ट अतिथि थे । सम्मेलन में काजरी एवं अन्य विभागों के वैज्ञानिक एवं अधिकारी भी उपस्थित थे ।

इस मेले में कृषि वानिकी एवं विस्तार प्रभाग के प्रभागाध्यक्ष श्री उमाराम चौधरी , भा.व.से. एवं श्री महिपाल विश्नोई , अनुसंधान सहायक-द्वितीय ने शुष्क वन अनुसंधान संस्थान , जोधपुर का प्रतिनिधित्व किया । मेले में आफरी की शोध गतिविधियों का पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया गया । श्री उमाराम चौधरी , भा.व.से. ने किसान मेले में संभाषण के दौरान वृक्षों की महत्ता बताते हुए कृषि के साथ-साथ वृक्षों को भी पनपाने का आह्वान किया ।